प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

विधानसभा बजट सत्र

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हो गई है। प्रश्नकाल के बाद अन्य विधायी कार्यों के अलावा बजट अनुमान पर सामान्य चर्चा भी होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता....

——डिस्पैच——

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश संरचना विकास बोर्ड शिमला के 24वें वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति सभापटल पर रखेंगे। वहीं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट और लेखा कथन रिपोर्ट वर्ष 2024—25 की प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसके साथ—साथ विभिन्न समितियों के सभापति प्रतिवेदनों की प्रतियां सभापटल पर रखेंगे। इसके बाद सदन में वित्तीय वर्ष 2026—27 के लिए बजट अनुमान पर सामान्य चर्चा होगी। रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

सेस बिल

प्रदेश विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पैट्रोल व डीजल पर विधवा और अनाथ सेस से जुड़ा संशोधन विधेयक बीते कल ध्वनिमत से पारित हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के कमजोर वर्ग को मजबूत बनाना है।

वहीं विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस फैसले को प्रदेश की जनता पर अतिरिक्त बोझ बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि सरकार अनाथ और विधवा की आड़ में जनता पर बोझ डालकर सरकार चलाने का रास्ता ढूंढ रही है।

——बाईट—जयराम ठाकुर——

स्वास्थ्य सुविधा

राज्य सरकार दूरदराज व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर—द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से करसोग क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल सामने

आई है। इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री की घोषणा को साकार करते हुए नागरिक चिकित्सालय करसोग में खाली पड़े रेडियोलॉजिस्ट के पद को भरने के साथ–साथ अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा भी शुरू हो गई है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट....

प्रदेश सरकार दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके द्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसी उद्देश्य के तहत करसोग से एक सकारात्मक पहल सामने आई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषणा को साकार रूप देते हुए नागरिक चिकित्सालय करसोग में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर दी गई है, जिसके साथ ही अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा भी शुरू हो गई है। इस सुविधा के आरंभ होने से अब करसोग और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अल्ट्रासाउंड के लिए मंडी, शिमला या निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 25 से 30 मरीज इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है। नागरिक चिकित्सालय में पहले से ही मेडिसन, गायनी, सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, डेंटल, मनोरोग और शिशु रोग विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं, जिससे अब एक ही स्थान पर व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान के अनुसार, यह सुविधा लंबे समय से क्षेत्र की जरूरत थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। आकाशवाणी समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

पंचायत चुनाव

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी में संलिप्त लोग अब पंचायत चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। प्रदेश मंत्रिमंडल ने इस मामले में पंचायतीराज संशोधन विधेयक 2026 के ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी है। पंचायत चुनाव से पहले इस विधेयक को विधानसभा में लाया जा रहा है जिसके पारित होने के बाद राज्यपाल की स्वीकृति मिलते ही नया कानून अस्तित्व में आ जाएगा। नशे खासतौर पर चिट्टे के खिलाफ ये पहल राज्य सरकार की नशे पर नकेल कसने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

चैत्र नवरात्रे

चैत्र नवरात्रे के छठे दिन आज मां दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। इन दिनों मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और लोग पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं।

भू–स्खलन

जिला किन्नौर में राष्ट्रीय उच्च मार्ग पांच पर शौंगथॉन्ग क्षेत्र में भू–स्खलन और पत्थर गिरने से सड़क पूरी तरह अवरूद्ध हो गई है। मार्ग बंद होने से वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है और मलबा हटाने के लिए जल्द ही मशीनरी लगाई जाएगी। इस बीच शिलती वैकल्पिक सड़क मार्ग भी बंद हो गया है जिससे क्षेत्र में यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है।